**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. 50***

**28 नवम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**दिल्ली में मेट्रो रेल परियोजना**

***50. श्री प्रवीन खंडेलवालः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मॉडल टाउन (दिल्ली) में मेट्रो रेल परियोजना के पूरा होने की स्थिति, रूपरेखा और परियोजना से सम्बन्धित संशोधित लक्ष्य, यदि कोई हो, क्या हैं; और

(ख) क्या सरकार ने हाल ही में मॉडल टाउन मेट्रो रेल परियोजना के पूरा होने में देरी के कारणों के सम्बन्ध में कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्री**

**(श्री मनोहर लाल)**

**(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

# <u>विवरण</u>

**''दिल्ली में मेट्रो रेल परियोजना'' के संबंध में माननीय सांसद श्री प्रवीन खंडेलवाल द्वारा दिनांक 28.11.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 50* के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण:**

(क) और (ख): दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) की दो दिल्ली मेट्रो लाइनें चालू हैं, जो मॉडल टाउन (दिल्ली) से होकर गुजरती हैं – येलो लाइन (लाइन-2) और पिंक लाइन (लाइन-7), जिनके इस क्षेत्र में आठ मेट्रो स्टेशन हैं, अर्थात् विधान सभा, विश्वविद्यालय, गुरु तेग बहादुर नगर, मॉडल टाउन, आज़ादपुर, आदर्श नगर (सभी येलो लाइन पर) और शालीमार बाग, मजलिस पार्क (दोनों पिंक लाइन पर)। इसके अलावा, भारत सरकार ने 2019 में दिल्ली मेट्रो चरण-IV परियोजना (3 प्राथमिकता वाले गलियारे) की स्वीकृति दी है, जिसके तहत पिंक लाइन (लाइन-7) एक्सटेंशन का हिस्सा (मौजपुर से मजलिस पार्क) और मजेंटा लाइन (लाइन-8) एक्सटेंशन का हिस्सा (जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम मार्ग) मॉडल टाउन के समीप से गुजर रहा है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) ने सूचित किया है कि शुरू में कोविड-19 महामारी के कारण और उसके बाद भूमि की उपलब्धता और पेड़ काटने की अनुमति में देरी के कारण काम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। जिन परियोजनाओं को 2024 में पूरा किया जाना था, उनमें एक वर्ष से अधिक की देरी हो गई है।

***********